अनुक्रमांक

नाम

936

# 830(BY)

## 2017

## चित्रकला

केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**विशेष निर्देश :**

i) मुखपृष्ठ (cover page) तथा इसमें रखे प्रत्येक उत्तर पत्र के दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ-साफ लिखिए तथा कक्ष निरीक्षक से सभी प्रपत्रों पर स्पष्ट हस्ताक्षर करवाइए।





ii) प्रश्नपत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है। इनमें से खण्ड **क** का प्रश्न अनिवार्य है। खण्ड **ख** और खण्ड **ग** में से किसी **एक** खण्ड का ही प्रश्न हल करना है।

iii) खण्ड **क** के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' **अथवा** 'आलेखन' **अथवा** 'प्राविधिक कला' में से केवल **एक** का ही चित्रण करना है।

iv) खण्ड **ख** से 'स्मृति चित्रण' **अथवा** खण्ड **ग** से 'भारतीय चित्रकला' में से किसी **एक** का ही उत्तर देना है।

v) केन्द्र व्यवस्थापक अपनी हस्ताक्षर युक्त मुहर (Facsimile) प्रत्येक प्रपत्र पर लगाएँ और उन पर कक्ष निरीक्षक के भी हस्ताक्षर करवाएँ।

**खण्ड 'क'**

**(अनिवार्य)**

**( प्राकृतिक दृश्य चित्रण )**

1. 20 सेमी × 15 सेमी के आयत में सूर्योदय का ग्रामीण दृश्य चित्रित कीजिए। चित्र में माध्यम जलरंग अथवा पेस्टल रंग का प्रयोग करें। चित्रांकन में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिये :

| | | |
|---|---|---|
| अ) | सही रेखांकन एवं परिप्रेक्ष्य | 15 |
| ब) | संयोजन | 7½ |
| स) | सुसंगत रंगों का प्रभावी प्रयोग | 15 |
| द) | सामान्य प्रभाव। | 7½ |

**अथवा**





**( आलेखन )**

ड्राईंग-पेपर के बीचो-बीच एक 15 सेमी भुजा वाले वर्ग में पूर्ण इकाई वाला एक मौलिक आलंकारिक आलेखन बनाइए जो किसी एक भारतीय पुष्प, कली और पत्तियों पर आधारित हो। आलेखन में कम से कम तीन जलरंगों का प्रयोग कीजिए। पुष्पीय आलेखन मेजपोश के केन्द्र को सजाने में उपयुक्त हो।

आलेखन में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए :

| | | |
|---|---|---|
| अ) | इकाई की मौलिकता | 15 |
| ब) | लयात्मक रेखा चित्रण | 7½ |
| स) | संयोजन एवं सुसंगत रंगों का चयन | 15 |
| द) | सामान्य प्रभाव एवं आकर्षण। | 7½ |

**अथवा**

( प्राविधिक कला )

**सूचना :**

i) निम्नलिखित **पांच** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

ii) प्रत्येक उत्तर की रचना में निर्दिष्ट रेखायें, रचनात्मक रेखायें एवं अभीष्ट रेखायें स्पष्ट हों। रचना की रचनात्मक रेखाओं को न मिटाइये।

iii) रफ़ कार्य श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए। इसे भी अपने उत्तर पत्र के साथ संलग्न कर दीजिए। $3 \times 15 = 45$





अ) एक त्रिभुज की रचना कीजिए जिसका आधार 7 सेमी, एक भुजा 5 सेमी तथा आधार और भुजा के बीच का कोण 45° का है। कोण ज्यामितीय विधि से ही बनाएँ। इस त्रिभुज के बाहर से घेरता हुआ एक वृत्त खींचिए जो त्रिभुज के तीनों बिन्दुओं को स्पर्श करता हुआ जाए। 10 + 5

ब) एक त्रिभुज की रचना कीजिए जिसका परिमाप 12 सेमी तथा भुजाओं का अनुपात 3 : 4 : 5 हो।

10 + 5

स) एक समपंचभुज की रचना कीजिए जिसकी एक भुजा 5 सेमी की हो। रचना ज्यामितीय विधि से कीजिए। इस समपंचभुज के क्षेत्रफल के बराबर एक त्रिभुज की रचना कीजिए। 10 + 5

द) 5 सेमी भुजा के एक समषटभुज में वृत्तों, त्रिभुजों एवं सरल रेखाओं पर आधारित एक सुन्दर ज्यामितीय आलेखन की रचना कीजिए। 5 + 5 + 5

य) 4 सेमी = 2 मीटर की एक विकर्ण मापनी की रचना कीजिए जिसपर सेमी तक की दूरी पढ़ी जा सके। मापनी की निरूपक भिन्न निकाल कर इस पर 3 मीटर 4 डेसीमीटर तथा 5 सेमी की दूरी अंकित कीजिए। 5 + 5 + 5





## खण्ड 'ख'

### ( स्मृति चित्रण )

2. इस प्रश्न में दो भाग **अ** तथा **ब** हैं। दोनों ही भागों को चित्रित कीजिए।

अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** का छाया-प्रकाश एवं प्रतिच्छायायुक्त चित्र पेन्सिल से बनाइए। चित्र लगभग 15 सेमी का हो। 12½

i) अमरूद पत्तियों सहित

ii) आम पत्तियों सहित

iii) अंगूर का गुच्छा

iv) तरबूज।

ब) दिये गये कागज पर निम्नलिखित में से किसी **एक** का छाया-प्रकाश एवं प्रतिच्छायायुक्त चित्र पेन्सिल से बनाइए। चित्र लगभग 15 सेमी का हो। 12½

i) कप और प्लेट

ii) गोन्द की शीशी

iii) बन्द छाता

iv) साबुनदानी।

**अथवा**

**खण्ड 'ग'**

**( भारतीय चित्रकला )**

3. अ) भारतीय चित्रकला की चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 15

**अथवा**





भारतीय चित्रकला में रंगों का प्रयोग और महत्व बताइए। 15

ब) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न खण्ड के **चार** विकल्प दिए गये हैं। सही विकल्प का चयन कर अपनी उत्तर-पुस्तिका में क्रमानुसार लिखिए।

i) एक त्रिभुज के समस्त अंत:कोणों का योग कितने अंश का होता है ?

अ) 60°

ब) 120°

स) 180°

द) 360°. 1

ii) कौन-सी पेन्सिल से बनाई गई रेखा अधिक काली होगी ?

अ) HB

ब) H

स) 2B

द) 2H. 1

iii) मुख्य रंग कितने होते हैं ?

अ) 1

ब) 2

स) 3

द) 4. 1





iv) इन्द्रधनुष में कितने रंग होते हैं ?

अ) 5

ब) 6

स) 7

द) 8. 1

v) निम्न में से कौन-सा रंग गर्म है ?

अ) हरा

ब) नीला

स) लाल

द) पीला। 1

vi) ओस्टवाल्ड रंगचक्र में कितने मुख्य रंग होते हैं ?

अ) 4

ब) 6

स) 8

द) 10. 1

vii) प्रागैतिहासिक चित्रकला का विषय क्या है ?

अ) पूजा

ब) घरेलू

स) शिकार

द) दरबारी। 1





viii) राजपूत शैली के चित्र किस धर्म पर आधारित हैं ?

अ) बौद्ध

ब) ईसाई

स) हिन्दू

द) इस्लाम। 1

ix) ताड़पत्र पर चित्रित चित्र किस शैली में होते हैं ?

अ) आधुनिक

ब) मुगल

स) जैन

द) अजन्ता। 1

x) बंगाल चित्र शैली के संस्थापक कौन थे ?

अ) यामिनी राय

ब) नन्दलाल बोस

स) अबनीन्द्रनाथ टैगोर

द) क्षितिन्द्र नाथ मजुमदार। 1

**830(BY) - 4,80,000**